स्पीड-पोस्ट

सं0 डी0-31016/2/2009-सामान्य
भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

सरदार पटेल भवन, संसद मार्ग
नई दिल्ली - 110001, दिनाँक 3/4/12

सेवा में,

सूची अनुसार

विषय ;- रूम/डेर्जट कूलर किराये पर व वाटर मैन उपलब्ध कराने हेतु।

महोदय्

इस मंत्रालय सरदार पटेल भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली में 10 - 17 रूम/डेर्जट कूल किराये पर व 01 वाटर मैन दिनाँक 20.4.12 से 20.10.12 तक उपलब्ध कराने हेतु सील बन्द कोटेशन देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। कोटेशन में निम्नलिखित विवरण दिया जाए ;-

1. प्रति कूलर/डेर्जट का प्रति माह का किराया।
2. प्रति वाटर मैन प्रति माह का भुगतान।

2. रूम/डेर्जट कूलर नए व अच्छी किस्म के होने अनिवार्य हैं। रूम/डेर्जट कूलरों का पूर्ण रख-रखाव, जैसे पुर्जे खराब होने पर बदलना इत्यादि का पूर्ण दायित्व कम्पनी का होगा। मंत्रालय द्वारा मात्र रूम/डेर्जट कूलरों का मंजूर किराया व वाटर मैन की मंजूर निर्धारित राशि का भुगतान किया जाएगा, जोकि दो बराबर किस्तो (पहले 03 माह बाद) में भुगतान किया जाएगा।

3. आपकी कोटेशंन के साथ रू0 1000/- (रू0 एक हजार) का ड्राफ्ट इस मंत्रालय के वेतन व लेखा अधिकारी के नाम का संलग्न होना अनिवार्य है बिना ड्राफ्ट के कोटेशंन मान्य नही होगी।

4. आपकी कोटेशन मंजूर होने की अवस्था में आपके द्वारा कार्य करने से इन्कार करने पर आपका कोटेशन के साथ दिया गया ड्राफ्ट जब्त किया जा सकता है।

5. आपकी कोटेशन मंजूर होने पर उक्त रू0 2000/- (रू0 दो हजार) का ड्राफ्ट जमानत राशि के तौर पर इस मंत्रालय के पास जमा रहेगा। आपका कार्य संतोषजनक ना होने पर या कार्य करने से इन्कार करने पर आपकी जमानतं राशि जब्त की जा सकती है तथा आपके बिल का भुगतान भी रोका जा सकता है।

6. आप दिनाँक 16 अप्रैल 12 को अपराह्न 3 बजे तक कोटेशन दे सकते हैं। सभी प्राप्त कोटेशंने उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे कमरा न0 -201 सरदार पटेल भवन में खोली जाएँगी। आप स्वंय या आपके प्रतिनिधि उक्त समय पर उपस्थित हो सकते हैं।

7. इस मंत्रालय को बिना कारण बतायें किसी भी कोटेशंन को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

विनीता

(विनीता तलवार)
अवर सचिव,भारत सरकार

प्रतिलिपि ;-

निदेशक, संगणक केन्द्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त को मंत्रालय के वेबसाइड में डालने का कष्ट करें।